Seat No. : _______________

# MG-109-H

**March-2019**

**B.Com., Sem.-I**

**103 : Accountancy-I**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. (A) ऑस्टिन की प्रार्थना एण्ड कम्पनीने क्लास के मार्मिक ब्रदर्स को ₹ 300 कीमत का एक ऐसे 2000 बैग आड़त पर बेचने भेजे । प्रार्थना एण्ड कम्पनी ने भाड़े के ₹ 40,000, मजदूरी के ₹ 4,000 और बीमा खर्च के ₹ 4,000 चुकाए । रास्ते में आग लगने से 200 बैग नष्ट हो गए और बीमा कम्पनी ने केवल ₹ 24,000 का दावा मंजूर किया । मार्मिक ब्रदर्स ने शेष बैग की डिलीवरी ली और कस्टम ड्यूटी और अन्य खर्च के ₹ 54,000 चुकाए ।

आड़तिये ने प्रार्थना एण्ड कम्पनी द्वारा लिखा ₹ 2,00,000 का 3 माह का बिल स्वीकार किया । दो माह बाद आड़तिए ने विक्रय लेखा भेजा, जिसके अनुसार उसने 1600 बैग ₹ 500 के भाव से बेचे । मार्मिक ब्रदर्स ने विज्ञापन और अन्य विक्रय खर्चों के ₹ 12,000 चुकाए । आड़तिया विक्रय पर 10% कमिशन का हकदार है । उपरोक्त जानकारी से माल स्वामी की पुस्तक में आड़त माल खाता तैयार कीजिए । **14**

**अथवा**

(i) A ने ₹ 20,000 का माल B को आड़त पर बेचने भेजा और ₹ 2,000 खर्च के चुकाए । रास्ते में ₹ 4,000 का माल जल गया और बीमा कम्पनी ने ₹ 3,000 का दावा स्वीकार किया । असामान्य नुकसान की गणना कीजिए । वर्ष के अन्त में यदि 25% माल अंतिम स्टॉक में हो तो उसकी कीमत ज्ञात कीजिए । **7**

(ii) सादी आड़त और आसामी आड़त के बीच अन्तर कीजिए । **7**

(B) दिए गए उत्तर विकल्पों में से सही जवाब का चयन कीजिए : (कोई **चार**) **4**

(1) असामान्य नुकसान _______ खाते में डेबिट किया जाता है ।

(A) सामान्य लाभ–हानि (B) आड़त माल

(C) आड़तिया (D) बीमा कम्पनी

(2) आढ़तिया स्वयं द्वारा खरीदे माल पर ______ आढ़त चुकाता है ।

(A) सादी (B) आसामी

(C) अतिरिक्त (D) व्यापार

(3) आढ़तिया विज्ञापन के लिए ₹ 10,000 का माल सैम्पल के रूप में वितरित करता है, तो _______ डेबिट और क्रेडिट दोनों होगा ।

(A) आढ़त माल खाता (B) माल स्वामी खाता

(C) आढ़तिया खाता (D) विक्रय खाता

(4) जब माल आढ़त पर बेचने के लिए भेजा है, तब माल की रकम माल स्वामी की पुस्तक में, ______ में डेबिट होती है ।

(A) आढ़त माल खाता (B) आढ़तिया खाता

(C) विक्रय खाता (D) माल–स्वामी खाता

(5) आसामी आढ़त नहीं दी गई है और उधार विक्रय अशोध्य हो, तब आढ़तिए की पुस्तक में ________ डेबिट किया जाता है ।

(A) माल–स्वामी खाता (B) देनदार खाता

(C) कमिशन खाता (D) अशोध्य ऋण रिजर्व खाता

(6) माल–स्वामी द्वारा आढ़तिया पर लिखी हूँडी आढ़तिया स्वीकार करता है तब माल–स्वामी की पुस्तक में _______ खाता क्रेडित होगा ।

(A) आढ़तिया (B) आढ़त माल

(C) देय हूँडी (D) प्राप्य हूंडी

2. (A) 31/3/2018 को पूर्ण होते वर्ष के लिए निम्न शाखा खाते से व्यापार खाता और लाभ–हानि खाता तैयार कीजिए। **14**

**शाखा खाता**

**उधार** **जमा**

| **विगत** | | ₹ | **विगत** | | ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| शेष b/d : (1/4/2017) | | | शाखा से माल लौटाया | | 30,000 |
| स्टॉक | 61,200 | | रोकड़ खाता (विक्रय) | | 4,11,000 |
| रोकड़ | 3,000 | | रोकड़ खाता (विविध आय) | | 2,700 |
| पेटा रोकड़ | 120 | | शेष c/d (31/3/2018) | | |
| फर्निचर | 9,000 | 73,320 | स्टॉक | 48,000 | |
| शाखा को माल भेजा | | 3,60,000 | रोकड़ | 3,000 | |
| रोकड़ खाता (पेटा रोकड़) | | 210 | पेटा रोकड़ | 60 | |
| रोकड़ खाता (खर्च) | | | फर्निचर | 8,250 | 59,310 |
| मजूरी | 600 | | | | |
| वेतन | 9,000 | | | | |
| भाड़ा | 4,500 | | | | |
| विज्ञापन | 1,200 | 15,300 | | | |
| लाभ लाभ–हानि खाते में हस्तान्तरित | | 54,180 | | | |
| | | **5,03,010** | | | **5,03,010** |

**अथवा**

(i) स्वतंत्र शाखा और परतंत्र शाखा में अन्तर कीजिए। **7**

(ii) आंतर–शाखा लेनदेन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **7**

(B) दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए : (कोई **चार**) **4**

(1) शाखा खाता एक ________ खाता है ।

(A) व्यक्तिगत (B) सम्पत्ति

(C) आमद खर्च (D) इनमें से कोई नहीं

(2) स्वतंत्र शाखा के लिए मुख्य ऑफिस का खाता _______ खाते जैसे होता है ।

(A) पूँजी (B) लाभ–हानि

(C) सम्पत्ति (D) आमद खर्च

(3) देनदारों से संग्रह ज्ञात करने के लिए इनमें से कौन सा खाता तैयार किया जाता है ?

(A) देनदार खाता (B) उधार विक्रय खाता

(C) रोकड़ और बैंक खाता (D) शाखा खाता

(4) मुख्य ऑफिस माल की मूल कीमत पर 25% लाभ चढ़ाकर बीजक कीमत पर शाखा को भेजता है । तो बीजक कीमत लाभ _______ होगा ।

(A) 20% (B) 25%

(C) 30% (D) 50%

(5) _______ खाते से शाखा के परचूरण खर्च चुकाए जाते है ।

(A) पेटा रोकड़ (B) रोकड़

(C) बैंक (D) लेनदार

(6) शाखा द्वारा मार्गस्थ रोकड़ ________ खाते में जमा करना होता है ।

(A) मुख्य ऑफिस (B) रोकड़

(C) शाखा (D) बैंक

3. (A) नीचे दी गई जानकारी के आधार पर परिमाणी नुकसान दावें की रकम की गणना कीजिए : **14**

(1) 1/01/2018 को आग लगी ।

(2) व्यवसाय 30/4/2018 तक अवरुद्ध रहा ।

(3) बीमा पॉलिसी ₹ 80,000 की थी ।

(4) क्षतिपूर्ति का समय 6 माह है ।

(5) ता. 30 सितम्बर 2017 को पूर्ण होते वर्ष का शुद्ध लाभ (₹ 16,000 स्थिर खर्च नामे के पश्चात्) ₹ 50,000 था तथा उस समय का विक्रय ₹ 3,30,000 था ।

(6) ता. 31 दिसम्बर 2017 को पूर्ण होते वर्ष का विक्रय ₹ 3,20,000 था ।

(7) व्यवसाय अवरुद्ध रहने के दौरान विक्रय ₹ 80,000 था । अगले वर्ष के दौरान 1 जनवरी से 30 अप्रैल तक विक्रय ₹ 1,30,000 था ।

**अथवा**

(A) (i) प्रारम्भिक स्टॉक ₹ 27,000, खरीद ₹ 1,65,000, विक्रय ₹ 2,40,000, बचाया हुआ माल ₹ 7,000 और सकल लाभ लागत पर 50% है । आग से जले माल की कीमत की गणना कीजिए । **7**

(ii) 'औसत खण्ड' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **7**

(B) दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए : (कोई **तीन**) **3**

(1) अग्नि बीमा ________ के लिए रक्षण देता है ।

(A) वास्तविक सम्पत्ति (B) अवास्तविक सम्पत्ति

(C) आभासी सम्पत्ति (D) कर्मचारियों

(2) लाभ के नुकसान पॉलिसी में औसत खण्ड _______ की रक्षा करता है ।

(A) बीमाकर्ता (B) बीमादार

(C) कामदार (D) इन सभी

(3) बीमा पॉलिसी में औसत खण्ड का समावेश ________ को निरुत्साह करता है ।

(A) अल्प बीमा (B) अति बीमा

(C) औसत बीमा (D) इनमें से कोई नहीं

(4) मानक विक्रय और क्षतिपूर्ति अवधि के दौरान वास्तविक विक्रय के बीच का अन्तर कहलाता है ।

(A) विक्रय में कमी (B) क्रय में कमी

(C) सकल लाभ (D) लाभ

(5) परिणामी लाभ-हानि पॉलिसी _______ नुकसान की क्षतिपूर्ति प्रदान करता है ।

(A) राजस्व (B) पूँजी

(C) बजटीय (D) इनमें से कोई नहीं

4. (A) देव अपना हिसाब एकल प्रविष्टि से रखता है । नीचे दी जानकारी से 31/3/2018 को पूर्ण होते वर्ष के लिए व्यापार खाता, लाभ-हानि खाता तथा बैलेंस-शीट तैयार कीजिए । **14**

कैश-बुक का सारांश

| | ₹ | | ₹ |
|---|---:|---|---:|
| हाथ में रोकड़ (1/4/2017) | 9,600 | रोकड़ खरीद | 15,000 |
| देनदारों से प्राप्त रोकड़ | 2,20,000 | पगार | 27,000 |
| रोकड़ विक्रय | 18,000 | मजदूरी | 12,500 |
| परचुरण आवक | 2,700 | सामान्य खर्च | 7,600 |
| लेनदारों को चुकाया | 1,36,000 | उपाड़ | 10,000 |

सम्पत्ति और देयताओं की बाकी :

| **विगत** | **1/4/2017** ₹ | **31/3/2018** ₹ |
|---|---:|---:|
| मकान | 36,000 | 50,000 |
| फर्नीचर | 9,000 | 6,000 |
| मशीनरी | 50,000 | 50,000 |
| देनदार | 64,000 | 56,000 |
| लेनदार | 26,000 | 42,000 |
| स्टॉक | 41,000 | 53,000 |

**अतिरिक्त जानकारी :**

(1) वर्ष के दौरान ₹ 3,200 का बट्टा दिया ।

(2) ₹ 1,800 का बट्टा मिला ।

(3) ₹ 800 का बेचा हुणा माल वापस आया और ₹ 2,000 का खरीदा हुआ माल लौटाया ।

(4) मकान एवं फर्नीचर पर क्रमशः ₹ 3,000 और ₹ 600 का मूल्यह्रास लगाया ।

(5) देनदारों पर 5% अशोध्य अनामत रखा ।

(6) पूँजी पर 5% ब्याज गिनना है ।

**अथवा**

(i) एकल प्रविष्टि एवं दोहरी प्रविष्टि में अंतर कीजिए । **7**

(ii) निम्न जानकारी से विक्रय की लागत, सकल लाभ और कुल विक्रय ज्ञात कीजिए : **7**

| | |
|---|---|
| आरम्भिक स्टॉक | ₹ 60,000 |
| क्रय | ₹ 2,20,000 |
| अन्तिम स्टॉक | ₹ 80,000 |
| सकल लाभ | विक्रय का 20% |

(B) दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनिए : (कोई **तीन**) **3**

(1) पूँजी पर ब्याज _______ पूँजी पर गिना जाता है ।

(A) आरम्भिक (B) अन्तिम

(C) भारित औसत (D) औसत

(2) रोकड़ खरीद अथवा रोकड़ बिक्री ज्ञात करने के लिए ______ खाता तैयार किया जाता है ।

(A) रोकड़ (B) देनदार

(C) लेनदार (D) व्यापार

(3) अशोध्य ऋण रिटर्न ______ खाते में जमा किया जाता है ।

(A) लाभ–हानि (B) देनदार

(C) लेनदार (D) रोकड़

(4) आरम्भिक स्थितिदर्शक पत्रक _______ ज्ञात करने के लिए तैयार किया जाता है ।

(A) आरम्भिक पूँजी

(B) लाभ/हानि

(C) रोकड़

(D) सम्पत्ति

(5) अन्तिम स्टॉक ज्ञात करने के लिए ______ खाता तैयार किया जाता है ।

(A) व्यापार (B) देय हूँडी

(C) प्राप्य हूँडी (D) लाभ-हानि